दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 23 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 295

## छात्रों की आवाजाही को लेकर भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच हुआ समझौता



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और यूनाइटेड किंगडम ने उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के बीच छात्रों की आवाजाही और शैक्षणिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने से संबंधित समझौता किया है। शैक्षणिक योग्यता की पारस्परिक मान्यता से संबंधित इस एमओयू पर यूनाइटेड किंगडम के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग के स्थायी सचिव जेम्स बॉलर और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में सचिव (उच्च शिक्षा) के. संजय मूर्ति ने बीच हस्ताक्षर किए।

शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक मई 2021 में, भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों के बीच वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 2030 तक का एक व्यापक रोडमैप अपनाया गया था। दोनों पक्ष एक नई संवर्धित व्यापारिक साझेदारी पर भी सहमत हुए थे। शिक्षा इस रोडमैप का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के आलोक में, दोनों पक्ष शैक्षणिक योग्यता की पारस्परिक मान्यता के बारे में सहमत होकर शैक्षिक संबंधों के विस्तार के लिए राजी हुए हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह हमारे द्विपक्षीय शैक्षिक संबंधों में एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से दोनों देशों के बीच छात्रों की आवाजाही आसान होगी। मजबूत संस्थागत सहयोग विकसित करने में मदद मिलेगी। साथ ही दोनों देशों के उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग का दायरा व्यापक होगा। भारत सरकार शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, जोकि एनईपी 2020 के तहत ध्यान दिए जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है, को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से दूसरे देशों के साथ अधिक से अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को अनुमति प्रदान करने के लिए कई कदम उठा रही है।

वहीं ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने इच्छा रखने वाले भारतीय छात्रों को वीजा संबंधी समस्याओं का एक बड़ा समाधान मिल सकता है। दरअसल भारत सरकार से चर्चा के उपरांत ऑस्ट्रेलिया ने अपने विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला लेने वाले भारतीय छात्रों की वीजा संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ इस विषय पर विचार-विमर्श किया। क्लेयर ने ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित भारतीय छात्रों की वीजा संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। प्रधान ने इस प्रगतिशील कदम का हार्दिक स्वागत किया। धर्मेंद्र प्रधान ने मंत्री क्लेयर को लेबर पार्टी की नई सरकार के तहत अपना पदभार ग्रहण करने पर बधाई भी दी। प्रधान ने कौशल कहा कि उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया प्रसिद्ध है। प्रधान ने बताया कि इस क्षेत्र में गहन सहयोग और भारतीय श्रमशक्ति को विश्वस्तरीय कौशल से लैस करने के बारे में भी ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा बात की गई है। इससे दोनों देशों के बीच एक सकारात्मक तालमेल पैदा होगा।

## गंगा में डूबते 7 कांवड़ियों के लिए जल पुलिस बनी देवदूत, रेस्क्यू कर बचाई जान



**हरिद्वार (आरएनएस)।** धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा नदी में तेज बहाव के चलते 7 कांवड़िए बह गए, जिनको जल पुलिस और एसपीओ ने रेस्क्यू कर बचाया। हरिद्वार में गंगा घाटों पर तैनात जल पुलिस और एसपीओ द्वारा कांवडियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। और अप्रिय घटना होने पर मुस्तैदी से कार्य कर जीवनदान दिया जा रहा है। बता दें, कांवड़ के सीजन में हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड से लेकर हरिद्वार में गंगा के तमाम घाटों पर कांवडियों का रेला उमड़ता है। ऐसे में कई बार कांवड़िए अपनी लापरवाही से गंगा की तेज धारा में बह जाते हैं, जिनको मौके पर तैनात जल पुलिस और एसपीओ द्वारा बचाया जाता है।

बीते सालों में कांवड़ के दौरान गंगा में नहाते समय डूब कर होने वाली कांवडियों की मौत पर लगाम लगाने के लिए इस बार पुलिस ने गंगा घाटों पर जल पुलिस की व्यापक स्तर पर तैनाती की है। 100 से अधिक सरकारी व निजी गोताखोरों को डूबते कांवडियों को बचाने के लिए लगाया गया है।

गंगा घाटों पर ऐसे युवाओं की भी कमी नहीं है, जो अपनी रोजी-रोटी गंगा से ही चलाते हैं। यह युवक तैराकी में निपुण होते हैं और सामान्य दिनों में यह गंगा में पैसे आदि ढूंढ कर अपना गुजर-बसर करते हैं। पुलिस ने इस बार तैराकी में दक्ष ऐसे गंगा में पैसे ढूंढने वालों को एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) बनाकर उन्हीं गंगा घाटों पर तैनात किया है, जिन घाटों का इन युवकों को पूरा अनुभव है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ओपी राजभर को मिली वाई कैटेगरी की सुरक्षा

**लखनऊ (आरएनएस)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को योगी सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दी है। राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को वोट देने के तोहफे के तौर पर देखा जा रहा है। इसको लेकर राजनीतिक गलियारे में अटकलों का बाजार गर्म हो चुका है। आमजनों में भी चर्चा है कि सरकार द्वारा राजभर का ख्याल करना कहीं न कहीं आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नया संकेत है। सुभासपा ने विधानसभा चुनाव में सपा से गठबंधन किया था। इस दौरान सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार के खिलाफ जहां जमकर हमला बोला था। वहीं चुनाव में जहूराबाद सीट से भारी अंतरों से जीत दर्जकर विरोधियों को पटखनी दी थी और राजभर समाज के सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को साबित किया था। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में सपा को मिली करारी हार के बाद से ही वह सपा के खिलाफ मुखर हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को नसीहत देने के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्ष के प्रत्याशी को समर्थन न देकर एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में खड़े रहे। इधर शासन के निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

### बहस के दौरान तोड़ दिया आईफोन, गुस्से की आग में युवक ने गोली मारकर दोस्त को उतारा मौत के घाट

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** सुल्तानपुर पुलिस ने अपने दोस्त की हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने बहस करने के दौरान उसके आईफोन को तोड़ दिया था। गिरफ्तार लोगों की पहचान सौरभ पाठक, आदित्य सिंह, यशवंत सिंह और अभिनव सिंह के रूप में हुई है। ये सभी कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की तैयारी कर रहे हैं। चारों ने 10 जुलाई को अपने दोस्त गौरव सिंह की हत्या कर दी थी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर सोमेन बरमा ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि कुछ समय पहले एक छोटी सी बात को लेकर गौरव का उनसे विवाद हो गया था। बर्मा ने कहा, विवाद के दौरान गौरव ने सौरभ का आईफोन तोड़ दिया था। इससे नाराज होकर सौरभ ने पहले अपने दोस्त यशवंत की मदद से देसी पिस्तौल का इंतजाम किया और फिर पटेल चौक क्रॉसिंग के पास गौरव की पीछे से गोली मारकर हत्या कर दी। बरमा ने कहा, आरोपी और मृतक दोनों पिछले दस वर्षों से एक सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। गौरव अपने बाहरी स्थानीय दोस्तों के साथ मिलकर उसे धमकाता था। आरोपियों को भी उसके द्वारा पीटा गया था और उसके पैसे भी छीन लिए थे। हाल के दिनों में भी मृतक ने आदित्य का मोबाइल फोन तोड़ दिया था, जिसे उसने कर्ज लेकर खरीदा था।

### भाजपा नेता इंदु वर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ



**नई दिल्ली (आरएसएस) ।** हिमाचल भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा क्योंकि भाजपा नेता इंदु वर्मा ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। इंदु वर्मा हिमाचल प्रदेश की राजनीति में इनके परिवार का बहुत बड़ा हाथ रहा है। इंदु शर्मा के पति राकेश शर्मा हिमाचल प्रदेश के जाने-माने नेता की ओर से इस बार के विधायक रह चुके थे, जिनकी 2020 में असमय मृत्यु हो गई थी। इंदु बर्मा का परिवार पूरे शिमला जिला में बहुत बड़ा प्रभाव है। इंदु वर्मा के ससुर डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस थे । कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने इंदु वर्मा को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि इंदु वर्मा कांग्रेस पार्टी में आकर गरीब जनता की सेवा करना चाह रही है। राजीव शुक्ला ने कहा कि इंदु बर्मा का परिवार हिमाचल सहित पूरे शिमला में राजनीतिक रूप से बहुत ही सक्रिय रहे इसी वजह से इंदु वर्मा स्वयं भी राजनीति में सक्रिय रही। इंदु वर्मा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हिमाचल प्रदेश में 2 बार डिस्ट्रिक्ट महिला मोर्चा की प्रेसीडेंट भी रही, जिला परिषद की दो बार मेंबर चुनी गई। फैमिली एंड चाइल्ड वेलफेयर बोर्ड की अध्यक्ष थीं और हिमाचल प्रदेश में 20 सालों से महिला जागरूकता मंच और एक बहुत अच्छा एनजीओ चलाती हैं। राजीव शुक्ला ने कहा कि इंदु वर्मा के आने के बाद हिमाचल में कांग्रेस पार्टी और भी मजबूत हो गई है।

## प्रतापगढ़ में युवाओं को रायफल चलाने की ट्रेनिंग देते दो लोग गिरफ्तार



**प्रतापगढ़ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पुलिस ने कुछ युवाओं को रायफल चलाने की ट्रेनिंग देते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जिले के थाना कंधई स्थित इब्राहिमपुर गोपालपुर गांव में कुछ युवाओं को रायफल चलाने की ट्रेनिंग देते एक वीडियो सोशल मीडिया पर गुरुवार को वायरल हुआ था। इस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने वारदात वाले स्थान की पहचान कर देर शाम आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में एक घर के सामने खड़े करीब दो दर्जन लोगों में से एक व्यक्ति को रायफल का बोल्ट चढ़ाकर कुछ युवकों को उससे फायर करने के लिये थमाते देखा जा सकता है। वीडियो में एक एक करके तीन लोग हवा में गोली चलाते दिखे। इस दौरान अरबी पोशाक पहने एक व्यक्ति को लोग 'हबीबी' कह कर शाबाशी भी दे रहे हैं। अधिकारियों तक यह मामला पहुंचने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया है कि इब्राहिमपुर गोपालपुर के इंतजार अहमद की लाइसेंसी रायफल से कुछ लोगों के फायरिंग करने का वीडियो वायरल हुआ है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इंतजार और उसके भाई गुलजार को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही रायफल के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

## जारी हुआ सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम, 19 लाख विद्यार्थी पास



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड 10वीं परीक्षा में शामिल स्टूडेंट अपना रिजल्ट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही 10वीं का रिजल्ट डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर भी चेक कर सकते हैं। इससे पहले आज सुबह कक्षा 12वीं का भी रिजल्ट जारी किया गया था। छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए बोर्ड के पहले के निर्णय के अनुसार, कोई मेरिट सूची घोषित नहीं की जाएगी। इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि बोर्ड अपने छात्रों को प्रथम, द्वितीय या तृतीय श्रेणी प्रदान नहीं कर कर रहा है।

इस साल 10वीं की परीक्षा में 21 लाख स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें से 20 लाख स्टूडेंट एग्जाम में शामिल हुए। जिसमें से 19 लाख स्टूडेंट ने परीक्षा पास कर ली है। 10वीं की परीक्षा में सफल नहीं होने वाले स्टूडेंट्स के पास कंटार्टमेंट एग्जाम में शामिल होने का विकल्प खुला हुआ है। इसके लिए अलग से पूरी डिटेल जारी की जाएगी।

**शामली की छात्रा को मिले 500 में से 500 अंक-** शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड में10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। बोर्ड की इन परीक्षाओं में कई छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इनमें शामली की छात्रा दीया नामदेव शामिल हैं। शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली दीया नामदेव ने 10 वीं की परीक्षा में टॉप किया है। दीया ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत यानी में 500 में से 500 अंक हासिल किए हैं। वहीं शामली बीएसएम स्कूल की छात्रा प्रियांशी देशवाल ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में टॉप किया है। प्रियांशी देशवाल ने भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.6 प्रतिशत यानी में 500 में से 498 अर्जित किए हैं।

100 फीसदी अंक प्राप्त करने के उपरांत अपनी इस उपलब्धि से दीया नामदेव काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने नतीजों पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि सीबीएसई 10वीं बोर्ड का रिजल्ट न केवल उनके बल्कि उनके पूरे परिवार के लिए एक गौरव भरी उपलब्धि है। दीया ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने शिक्षकों को और अपने परिवार जनों का धन्यवाद किया। जहां दीया नामदेव ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 500 में से 500 अंक अर्जित किए हैं, वहीं बिजनौर में 12वीं के तीन छात्र-छात्रा जिला टॉपर बने हैं। इनमें एलआरएस अकादमी स्कूल की घृताची गुप्ता ने 99.4, सेंट मेरी धामपुर की छात्रा चैतन्या मिगलानी ने 99.2 और डीडीपीएस बिजनौर की रिद्धि अग्रवाल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## नेशनल हैराल्ड मामले में सोनिया गांधी को ईडी द्वारा बुलाने के विरोध में 14 जिला कांग्रेस कमेटियों ने सत्याग्रह किया



**नई दिल्ली ( आरएनएस) ।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के नेतृत्व में आज सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों में केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी से ई.डी. द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में बुलाने के विरोध में सत्याग्रह धरना किए गए व पदयात्रा निकालीं। हमेशा की तरह आज पुलिस की दमनकारी नीति जारी रही और गृहमंत्रालय के इशारे दिल्ली पुलिस ने कई जिलों में भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन होने नही दिया गया जबकि कई नेताओं को घरों में ही हाउस अरेस्ट किया गया। प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने पटपडग़ंज, महरौली और बदरपुर जिला कांग्रेस कमेटियों में आयोजित सत्याग्रह में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।जिला कांग्रेस कमेटियों में आयोजित सत्याग्रह में प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के अलावा पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, रमेश कुमार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक विजय लोचव, बलराम तंवर, हरी शंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुरचरण सिंह, राजेश चौहान, विशाल मान, विष्णु अग्रवाल, कम्युनिकेशन विभाग के वाईस चेयरमेन परवेज आलम, कमलकांत शर्मा, प्रवक्ता विक्रम लोहिया, धीरज बसौया, दर्शन जाटव, वेदपाल सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

चौ अनिल कुमार ने कहा तानाशाही मोदी सरकार की हठधर्मिता और निरंकुशता के चलते ई.डी. और सीबीआई विपक्ष और कांग्रेस के नेताओं पर स्वार्थ और बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही से देश का संविधान और लोकतांत्रिक प्रणाली खतरे में पड़ गई है। उन्होंने कहा कि जब ई.डी. के पास कोई सवाल ही नही थे तो कांग्रेस अध्यक्ष को ई.डी. ने बुलाया क्यों? उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सवाल देने के लिए मौजूद थीं तब उन्हें 4 दिन बाद क्यों बुलाया है, क्या अगले पूछताछ में सवाल मोदी सरकार तैयार करेगी? एक बहुत बड़ा प्रश्न जिसे देशवासियों को विचार करना चाहिए।

चौ अनिल कुमार ने कहा कि हम कांग्रेस अध्यक्ष के समर्थन में सत्याग्रह करने के लिए एकत्रित होते है परंतु दिल्ली पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर शिंकजा कसती है, उन्हें अपने नेता के समर्थन अभिव्यक्ति करने अधिकार क्यों नही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ आर.एस.एस. के कार्यक्रम के लिए दिल्ली पुलिस सुव्यवस्था के लिए काम करती है दूसरी तरफ कांग्रेस कार्यकर्ता जब विरोध करता है तब उन्हें जेल में डालने का आदेश पुलिस को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता लोकतंत्र बचाने की बात करते है, सरकार आपकी है संविधान में संशोधन आप करते है लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगाना भाजपा की दोहरी राजनीति का हिस्सा है।

## चित्रा रामकृष्ण को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व सीईओ और एमडी चित्रा रामकृष्ण को फोन टैपिंग मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चित्रा रामकृष्ण को 2009 और 2017 के बीच एनएसई कर्मचारियों के फोन टैपिंग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया।

इस मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को भी गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल ईडी के नौ दिनों के कस्टडी रिमांड पर हैं।

इससे पहले मामले में ईडी ने कहा था, फोन टैपिंग के लिए मनी लॉन्ड्रिंग की गई थी। फोन टैपिंग में किए गए भुगतान अपराध की कथित आय है। मामले से जुड़ी शेल कंपनियां भी हैं। हम जानना चाहते हैं कि पूरे ऑपरेशन को कौन संभाल रहा था।

ईडी ने दावा किया है कि पांडे को रामकृष्ण की मदद के लिए एमटीएनएल लाइन को टैप करने के लिए 4.54 करोड़ रुपये मिले थे।

पांडे ने कहा कि उन्होंने फोन लाइनों को टैप किया, लेकिन कुछ भी अवैध नहीं किया। उन्होंने कहा कि टैपिंग के लिए सभी उपकरण एनएसई द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

इस संबंध में पांडे का रामकृष्ण से आमना-सामना हुआ और अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की।

ईडी दो मौकों पर रामकृष्ण से हिरासत में पूछताछ कर चुकी है।

## रेशम से रोशन होगी 50 हजार किसान परिवारों की जिंदगी



**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी की योगी सरकार ने 50 हजार किसानों की जिंदगी को रेशमी बनाने की तैयारी कर ली है। योजनाबद्ध तरीके से सरकार रेशम के माध्यम से किसान परिवारों की जिंदगी को रोशन करेगी। मशीनों की संख्या बढ़ा कर इसे कई गुना तक ले जाने की योजना पर काम हो रहा है। अगले पांच वर्षों में फिलहाल यह संख्या 29 हजार है। इसके लिए योगी सरकार-2.0 ने बेहद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा है। इसके अनुसार ककून धागाकरण का लक्ष्य करीब 30 गुना बढ़ाया गया है। अभी 60 मीट्रिक टन ककून से धागा बन रहा है। अगले पांच साल में इसे बढ़ाकर 1750 मीट्रिक टन किया जाना है। इसके लिए रीलिंग मशीनों की संख्या 2 से बढ़ाकर 45 यानी 23 गुना किए जाने का लक्ष्य है। सरकार ने 100 दिन, छह माह, दो साल और पांच साल की चरणबद्ध योजना शुरू की है। इस कार्ययोजना पर काम भी शुरू हो चुका है। मसलन, 100 दिनों में सरकार ने इस लक्ष्य के सापेक्ष केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से संचालित केंद्रीय रेशम बोर्ड की सिल्क समग्र योजना के तहत 100 किसानों को पौधरोपण, कीटपालन गृह निर्माण, प्रशिक्षण एवं उपकरण के लिए अनुदान उपलब्ध कराया है।

शहतूती सेक्टर के 180 लाभार्थियों को केंद्रीय रेशम बोर्ड के प्रशिक्षण संस्थानों, पश्चिमी बंगाल के सीएसएसआर एंड टीआई व कर्नाटक स्थित मैसूर का और 70 लाभार्थी किसानों को सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रशिक्षण संस्थान मीरजापुर का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसी समयावधि में 10 एफपीओ के गठन व वाराणसी के सिल्क एक्सचेंज में इंटीग्रेटेड सिल्क कॉम्प्लेक्स की स्थापना के कार्य को भी आगे बढाया गया। इस कॉम्प्लेक्स में कर्नाटक के लिए निशुल्क विक्रय काउंटर भी उपलब्ध करा दिया गया। यही नहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 13 नई रीलिंग इकाइयों की स्थापना के लिए टेंडर की कार्यवाही पूरी हो चुकी है। इनके स्थापित हो जाने के बाद कोये का वाजिब दाम मिलेगा। साथ ही बुनकरों को उनकी जरूरत के अनुसार शुद्ध धागा भी।

सरकार ने रेशम की खेती करने वाले और इससे जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए अगले छह माह और दो साल का जो लक्ष्य रखा है, उसके अनुसार सिल्क एक्सचेंज से अधिकतम बुनकरों को जोड़ा जाएगा। 17 लाख शहतूत एवं अर्जुन का पौधरोपण होगा तथा कीटपालन के लिए 10 सामुदायिक भवनों के निर्माण की शुरूआत की जाएगी। ओडीओपी योजना के तहत इंटीग्रेटेड सिल्क कॉम्प्लेक्स का डिजिटलाइजेशन, 180 लाख रुपये की लागत से 10 रीलिंग इकाइयों की स्थापना और कीटपालन के लिए 10 अन्य सामुदायिक भवन का निर्माण भी इसी लक्ष्य का हिस्सा है।

कुल रेशम उत्पादन में अभी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी महज तीन फीसद है। उचित प्रयास से यह हिस्सेदारी 15 से 20 फीसद तक हो सकती है। बाजार की कोई कमीं नहीं है। अकेले वाराणसी एवं मुबारकपुर की सालाना मांग 3000 मीट्रिक टन की है। इस मांग की मात्र एक फीसद आपूर्ति ही प्रदेश से हो पाती है। जहां तक रेशम उत्पादन की बात है तो चंदौली, सोनभद्र, ललितपुर और फतेहपुर टसर उत्पादन के लिए जाने जाते हैं। कानपुर शहर, कानपुर देहात, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा और फतेहपुर में एरी संस्कृति का अभ्यास किया जाता है। सरकार रेशम की खेती के लिए इन सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अर्जुन का पौधारोपण करवाएगी। तराई के जिले शहतूत की खेती के लिए मुफीद हैं। प्रदेश के 57 जिलों में कमोवेश रेशम की खेती होती है। सरकार रेशम की खेती को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

अपर मुख्य सचिव वस्त्र एवं रेशम उद्योग नवनीत सहगल कहते हैं कि किसानों की खुशहाली और महिलाओं का स्वावलंबन मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता है। रेशम की खेती कम खर्च में अधिक लाभ देने की वजह से हजारों किसानों की खुशी का माध्यम बन सकती है। खेती से लेकर धागा और इससे उत्पाद तैयार करने में प्रशिक्षित महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मांग के मद्देनजर बाजार का कोई संकट है नहीं। इन्हीं वजहों से सरकार ने यह चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा है।